51. राजस्थान में 1857 के विद्रोह का प्रारंभ कहाँ से हुआ था?
(1) एरिनपुरा (2) खेरवाड़ा (3) देवली (4) नसीराबाद

52. गड़ीसर झील स्थित है-
(1) पाली में (2) जैसलमेर में (3) नागौर में (4) चूरू में

53. केसरबाग वन्यजीव अभयारण्य किस जिले में स्थित है?
(1) उदयपुर (2) सवाईमाधोपुर
(3) अलवर (4) धौलपुर

54. 'रम्मत' है-
(1) एक संगीत वाद्य (2) एक लोक संगीत
(3) एक लोक कथा (4) एक लोक नाट्य

55. राजस्थान के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री कौन थे?
(1) हीरालाल शास्त्री (2) जयनारायण व्यास
(3) टीकाराम पालीवाल (4) सी.एस. वैंकटाचारी

56. राजस्थान से संसद के कितने सदस्य चुने जाते हैं?
(1) 25 (2) 35 (3) 37 (4) 30

57. राजस्थान में किस किसान आंदोलन के दमन को महात्मा गांधी ने 'दूसरी डायरशाही' कहा?
(1) बिजोलिया (2) बेगूँ
(3) नीमूचाणा (4) सीकर

58. निम्नांकित में से कौनसा तार वाला संगीत-वाद्य नहीं है?
(1) कमायचा (2) सतारा (3) रावणहत्था (4) सुरिंदा

59. 'थेवा कला' किस स्थान से संबंधित है?
(1) प्रतापगढ़ (2) बीकानेर (3) जयपुर (4) बाड़मेर

60. किशनगढ़ शैली किस चित्रकला शैली की उपशैली है?
(1) मारवाड़ (2) मेवाड़ (3) ढूँढाड़ (4) हाड़ौती

61. राजस्थान के प्रसिद्ध चित्रकार को पहचानिए, जो भारत के संविधान के मूल दस्तावेज में किए चित्रांकनों के लिए जाने जाते हैं-
(1) रामगोपाल विजयवर्गीय (2) नरोत्तम नारायण शर्मा
(3) कृपाल सिंह शेखावत (4) श्रीलाल जोशी

62. कार्तिक पूर्णिमा पर राजस्थान में कौनसा मेला/उत्सव मनाया जाता है?
(1) कजली तीज उत्सव (2) बेणेश्वर मेला
(3) नागौर मेला (4) पुष्कर मेला

63. मंदिर और उसकी अवस्थिति - स्थल के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए-
(1) मंडलेश्वर मंदिर - अर्थूणा
(2) सास-बहू का मंदिर - नागदा
(3) द्वारकाधीश मंदिर - कांकरोली
(4) अंबिका माता मंदिर - तलवाड़ा

64. कुंभलगढ़ एवं गोगुंदा के बीच का पठार कहलाता है-
(1) ऊपरमाल (2) लसाड़िया पठार
(3) भोराट पठार (4) हाड़ौती पठार

65. निम्न में से कौनसा युग्म गलत है?
(1) बीसलपुर बाँध - टोंक
(2) माही बजाज सागर बाँध - डूँगरपुर
(3) राणा प्रताप सागर बाँध - चित्तौड़गढ़
(4) जाखम बाँध - प्रतापगढ़

66. संविधान के अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति शासन राजस्थान में कितनी बार लगाया गया है?
(1) 2 (2) 3
(3) 4 (4) 5

67. संत सुंदरदास पैनोरमा स्थित है–
(1) भरतपुर में (2) अलवर में (3) दौसा में (4) उदयपुर में
68. 'पन्ना मीना की बावड़ी' स्थित है–
(1) जयपुर में (2) दौसा में (3) अलवर में (4) गंगापुर में
69. राजस्थान के किस किले को 'गढ़ बीठली' भी कहा जाता है?
(1) कुंभलगढ़ (2) मेहरानगढ़ (3) गागरोन (4) तारागढ़
70. विश्व प्रसिद्ध 'अजरक प्रिंट' निम्नलिखित में से किस स्थान से संबंधित है?
(1) सांगानेर (2) बगरू (3) पाली (4) बाड़मेर
71. निम्न में से कौनसा लोक नृत्य पुरुषों द्वारा नहीं किया जाता है?
(1) अग्नि नृत्य (2) घुड़ला नृत्य
(3) बम नृत्य (4) चंग नृत्य
72. राजस्थान के निम्नांकित सांस्कृतिक स्थलों में से किस एक का संबंध बौद्ध मत से है?
(1) देवयानी (2) चारचौमा (3) कांसवा (4) कोलवी
73. राजस्थान में 'लाँगुरिया गीत' किससे संबंधित है?
(1) कैला देवी (2) मनसा देवी
(3) जीण माता (4) करणी माता
74. राजस्थान के किस लोक देवता को ऊँटों के देवता के रूप में पूजा जाता है?
(1) तेजाजी (2) पाबूजी (3) हड़बूजी (4) रामदेवजी
75. राजस्थान सेवा संघ की स्थापना किसने की थी?
(1) माणिक्य लाल वर्मा (2) विजय सिंह पथिक
(3) जमनालाल बजाज (4) चाँदमल सुराणा
76. आर.एन.बी. इंफ्रास्ट्रक्चर्स नामक राजस्थान का विशेष आर्थिक क्षेत्र संबंधित है–
(1) ऊनी क्षेत्र से (2) हस्तशिल्प से
(3) सूचना प्रौद्योगिकी से (4) बहु–उत्पाद से
77. अन्ता पावर परियोजना है–
(1) गैस आधारित (2) लिग्नाइट आधारित
(3) परमाणु ईंधन आधारित (4) तरल ईंधन आधारित
78. निम्न में से कौन 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का इंडस्ट्री पार्टनर था?
(1) FICCI (2) RICCO (3) HUDCO (4) PWC India
79. राजस्थान राजस्व मंडल की स्थापना किस वर्ष में हुई थी?
(1) 1948 (2) 1956 (3) 1950 (4) 1949
80. 2011 के जनगणना आँकड़ों के अनुसार राजस्थान का उच्चतम साक्षरता दर वाला जिला है–
(1) जयपुर (2) झुंझुनूँ (3) अलवर (4) कोटा
81. वर्तमान में राजस्थान में कौनसी विधानसभा कार्यरत है?
(1) 14वीं (2) 15वीं (3) 16वीं (4) 17वीं
82. 2023 में हुए राजस्थान विधानसभा के चुनावों में कुल कितने प्रतिशत मतदान हुआ?
(1) 80.24 (2) 74.62 (3) 71.75 (4) 56.75
83. 'पिछवाई' चित्रकला कौनसी शैली से संबंधित है?
(1) किशनगढ़ शैली (2) मारवाड़ शैली
(3) शेखावाटी शैली (4) नाथद्वारा शैली
84. निम्नांकित में से कौनसा स्थान संत जसनाथ जी से संबंधित नहीं है?
(1) गोरखमालिया (2) बांधोली
(3) कतरियासर (4) मालासर
85. संत हमीदुद्दीन नागौरी किस सूफी सिलसिले से संबंधित थे?
(1) सुहरावर्दी सिलसिला (2) नक्शबंदी सिलसिला
(3) चिश्ती सिलसिला (4) कादरी सिलसिला

86. किस मध्यकालीन इतिहासकार ने अपनी पुस्तक 'मुन्तखब उत तवारीख' में हल्दीघाटी युद्ध का वर्णन किया है?
(1) मिन्हाज अल-सिराज (2) बदायूँनी
(3) अमीर खुसरो (4) अबुल फजल

87. आभूषण 'सुरलिया' है, एक तरह का/की-
(1) गले का हार (2) कान की बाली
(3) बिछुआ (4) चूड़ी

88. राजस्थान की कौनसी रियासत मराठों को 'चौथ' देने के लिए सर्वप्रथम सहमत हुई?
(1) मेवाड़ (उदयपुर) (2) जयपुर
(3) मारवाड़ (जोधपुर) (4) कोटा

89. राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी का वर्ष 2023-24 का 'राजस्थानी संस्कृति सम्मान' प्रदान किया गया है-
(1) तेज सिंह जोधा को (2) मधु आचार्य को
(3) माधव हाड़ा को (4) रेणुका व्यास को

90. राजपूताना में मराठों के विरुद्ध 'हुरड़ा सम्मेलन' की अध्यक्षता किसने की?
(1) सवाई जयसिंह (2) जगत सिंह
(3) जोरावर सिंह (4) दुर्जन सिंह

91. राजस्थान सरकार की आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार, राजस्थान में कितने विश्व धरोहर स्थल हैं?
(1) 5 (2) 7 (3) 9 (4) 11

92. राजस्थान का कौनसा जिला अनेक नदियों के प्रवाह के कारण 'सौ द्वीपों का क्षेत्र' के नाम से जाना जाता है?
(1) उदयपुर (2) कोटा (3) बाँसवाड़ा (4) डूँगरपुर

93. निम्न में से कौनसी भेड़ की नस्ल नहीं है?
(1) सोनाड़ी (2) पूगल (3) जमुनापारी (4) मगरा

94. 'ख्यात' है–

(1) एक सामाजिक परम्परा (2) राजाओं का इतिहास

(3) एक बोली (4) एक काव्य

95. निम्नांकित में से किसने भारत की संविधान-सभा में अजमेर-मेरवाड़ा का प्रतिनिधित्व किया?

(1) हरिभाऊ उपाध्याय (2) बी.के. कौल

(3) के.एम. पणिक्कर (4) मुकुट बिहारी लाल भार्गव

96. राजस्थान में उस स्थान को पहचानिए, जहाँ इनलैंड कंटेनर डिपो नहीं है–

(1) जोधपुर (2) सीकर

(3) भीलवाड़ा (4) भिवाड़ी

97. राजस्थान के निम्नांकित संतों में से किसके शिष्य 'खालसा' कहलाते हैं?

(1) संत लालदासजी (2) संत दादूजी

(3) संत जांभोजी (4) संत चरणदासजी

98. राजस्थान सतत विकास लक्ष्य सूचकांक 2024 में किस जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है?

(1) अलवर (2) टोंक

(3) झुंझुनूँ (4) भीलवाड़ा

99. तोरावाटी निम्नलिखित में से किस बोली की उप-बोली है?

(1) वागड़ी (2) ढूँढाड़ी

(3) हाड़ौती (4) मेवाती

100. राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का कार्यकाल होता है–

(1) 6 वर्ष या 62 वर्ष की आयु जो भी पहले हो।

(2) 5 वर्ष या 62 वर्ष की आयु जो भी पहले हो।

(3) 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो।

(4) 4 वर्ष या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो।